हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 26 जून 2026

11 महाबंध से जागृत होती हैं शरीर की सुप्त शक्तियां...



12 गली निर्माण में अनियमितताओं व मिलीभगत का आरोप...



## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक रूल के उल्लंघन पर 541 के काटे चालान

**हिसार।** जिले में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नियमों को ताक पर रखकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 541 वाहनों के चालान काटे। पुलिस के अनुसार जिला के विभिन्न चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों पर नाकेबंदी कर वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान मुख्य रूप से बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने, तेज रफ्तार और खतरनाक तरीके से ड्राइविंग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने, ट्रिपल राइडिंग करने, ब्लैक फिल्म, अधूरे कागजात और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई की गई।

### जन परिवाद समिति की बैठक कल

**हिसार।** जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में 27 जून को 3 बजे आयोजित की जाएगी। नगराधीश रोहित कुमार ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा करेंगे। बैठक में गत बैठकों के लंबित परिवाद के अलावा हाल ही में आमजन द्वारा दिए गए परिवादों को भी रखा जाएगा। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### लुवास में स्टेनो टाइपिस्ट भर्ती परीक्षा तिथि बदली

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) की ओर से स्टेनो टाइपिस्ट पद के लिए आयोजित की जा रही भर्ती प्रक्रिया (डब्ल्यूटीआर-2023) के अंतर्गत लिखित परीक्षा की तिथि में संशोधन किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 जुलाई को आयोजित की जानी थी, लेकिन उसी दिन हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) आयोजित होने के कारण अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा की तिथि परिवर्तित की गई है। अब स्टेनो टाइपिस्ट पद के लिए लिखित परीक्षा 11 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 29 जून को

**हिसार।** हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 29 जून को स्वर्गीय मनोहरी देवी की छठी पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व फ्री नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाएगी। स्वर्गीय समाजसेवी बजरंग दास गोयल बड़ोपलिया की पत्नी स्व. मनोहरी देवी की याद में होने वाले शिविर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित बुजुर्ग लाभान्वित होंगे। इस शिविर में ईश्वर गोयल, सतीश गोयल, विनोद गोयल एवं समस्त बड़ोपलिया परिवार की विशेष भूमिका रहेगी। शिविर के दौरान बड़ोपलिया परिवार के सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

### आदमपुर में बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ कल

**आदमपुर।** भारत विकास परिषद शाखा मंडी आदमपुर की ओर से बच्चों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों व सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर लगाएगी। अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल ने बताया कि शिविर 27 जून से 29 जून तक प्रतिदिन सायं 5:00 बजे से 7:00 बजे तक जैन भवन, मॉडल टाउन, मंडी आदमपुर में होगा। शिविर में बच्चों को संस्कृति एवं संस्कार शिक्षा, देशभक्ति गीत एवं प्रेरक कथाएं, योग एवं प्राणायाम, नृत्य एवं संगीत, मेहंदी एवं चित्रकला, मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक खेलों के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास एवं नैतिक शिक्षा जैसी विविध गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## निरीक्षण

### डीसी ने ड्रेनों और जलभराव संभावित क्षेत्रों का लिया जायजा



ड्रेनों और जलभराव संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते उपायुक्त महेंद्र पाल।

# मानसून अलर्टः अफसर फील्ड में उतारे नियमित रिपोर्ट व फोटो भेजने के निर्देश

## बरसाती पानी निकासी के लिए लगाए गए पंप सेट व अन्य मशीनरी की कार्यशीलता जांची

- जलभराव से निपटने के लिए हुए कार्यों की समीक्षा भी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मानसून के दौरान संभावित बाढ़ और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों द्वारा अभी तक किए गए कार्यों की समीक्षा के लिए उपायुक्त महेंद्र पाल ने वीरवार को जिले की प्रमुख ड्रेनों और जलभराव संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने गांव गंगवा, सातरोड, पातन, सेक्टर-33, शाहपुर, खरड़ और आर्य नगर सहित विभिन्न निचले इलाकों का दौरा कर जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान बाढ़ के पानी की निकासी के लिए लगाए गए पंप सेट, साइफन पंप, ड्रेन सफाई व्यवस्था, डीडी पंप सेट और पैनल बोर्ड की कार्यशीलता भी जांची गई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ज्योति मित्तल, राजस्व अधिकारी श्याम लाल और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार, कार्यकारी अभियंता लोक पाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



डीसी के निर्देश पर सिंचाई विभाग-बिजली निगम को पत्र भेजा, पंपसेट व कनेक्शन समय पर देने को कहा

### अधिकारियों को उपायुक्त के कड़े निर्देश

- **ड्रेनों की नियमित सफाई :** मानसून शुरू होने से पहले सभी ड्रेनों की सफाई का काम लगातार जारी रखा जाए और उनमें जमा गाद (सिल्ट), कचरा व अन्य रुकावटों को तुरंत हटाया जाए।
- **अतिरिक्त मशीनरी की तैनाती:** जलभराव की आशंका वाले क्षेत्रों में पहले से ही अतिरिक्त पंप सेट और आवश्यक मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।
- **अतिक्रमण पर कार्रवाई :** ड्रेनों के किनारे हुए अवैध कब्जों और अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाए।
- **तटबंध और पेड़ हटाना :** ड्रेनों के तटबंधों को मजबूत किया जाए और तेज हवा या तूफान में गिरने वाले पेड़ों को रास्तों से तुरंत हटाने की व्यवस्था हो।

### तालमेल से करें काम

उपायुक्त ने नगर निगम, सिंचाई विभाग और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय (तालमेल) के साथ काम करने के निर्देश दिए ताकि विभागों के बीच किसी भी गतिरोध के कारण जल निकासी का काम प्रभावित न हो। उपायुक्त ने कड़े शब्दों में कहा कि बाढ़ प्रबंधन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर दैनिक रिपोर्ट और फोटो उनके कार्यालय में भेजने के निर्देश दिए गए।

### हांसी में 87 गांवों में जलभराव वाले स्थल चिह्नित

**हांसी।** बरसाती मौसम से पहले जिला प्रशासन ने जलभराव रोकने के लिए कमर कस ली है। उपायुक्त राहुल नरवाल के निर्देश पर विकास एवं पंचायत विभाग ने जिले के 87 गांवों में जलभराव वाले संभावित स्थलों की पहचान कर ली है। इन जगहों पर समय रहते पानी निकासी के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

डीडीपीओ संदीप भारद्वाज ने बताया कि चिन्हित स्थलों पर जल निकासी सुचारू बनाने के लिए सिंचाई विभाग और बिजली विभाग को पत्र भेजे गए हैं। पत्र के जरिए जरूरत के अनुसार पंपसेट, बिजली कनेक्शन और अन्य संसाधन उपलब्ध करवाने का आग्रह किया गया है, ताकि बारिश के दौरान तत्काल कार्रवाई हो सके।

#### ग्रामीणों को न हो असुविधा

संदीप भारद्वाज ने कहा कि प्रशासन का मकसद बरसात में ग्रामीणों को जलभराव से होने वाली असुविधा से बचाना है। इसके लिए सभी जरूरी प्रबंध पहले से किए जा रहे हैं। विभाग लगातार गांवों की निगरानी कर रहा है। स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

#### अतिरिक्त संसाधन प्राथमिकता से मिलेंगे

डीडीपीओ ने बताया कि यदि किसी गांव में अतिरिक्त संसाधनों की जरूरत पड़ी तो उन्हें प्राथमिकता पर उपलब्ध कराया जाएगा। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से काम करने को कहा गया है, ताकि बरसात में किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके और ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था बनी रहे।

## चानौत जल आंदोलन

# आज धरनास्थल पर पहुंच सकते हैं जनस्वास्थ्य मंत्री व विधायक

**हांसी।** चानौत गांव की पेयजल समस्या को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच धरना कमेटी सदस्यों की चंडीगढ़ में गुरुवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से हुई मुलाकात के बाद शुक्रवार को धरना स्थल पर महत्वपूर्ण घटनाक्रम देखने को मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश के जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणवीर सिंह गंगवा तथा विधायक विनोद भयाना के धरनास्थल पर पहुंचने की संभावना है।

बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में ग्रामीणों की मांगों और भाखड़ा पाइपलाइन से जुड़े विवाद पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके बाद सरकार की ओर से समाधान की दिशा में प्रयास तेज किए गए हैं। ऐसे में मंत्री और विधायक का संभावित दौरा आंदोलन के लिए अहम माना जा रहा है। धरना कमेटी के सदस्यों का कहना है कि वे सरकार के प्रस्ताव और धरनास्थल पर होने वाली बातचीत के बाद ही आगे की रणनीति तय करेंगे। वहीं ग्रामीणों की निगाहें आज होने वाले संभावित संवाद पर टिकी हुई हैं।

#### 41 दिन से जारी है धरना

गौरतलब है कि चानौत गांव में पेयजल संकट को लेकर ग्रामीण पिछले 41 दिनों से धरने पर बैठे हैं और गांव के लिए स्थायी जलापूर्ति व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। जलापूर्ति की मांग को लेकर गांव के 5 ग्रामीणों ने लगातार 12 दिनों तक आमरण अनशन भी किया था, लेकिन सरपंच एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सोमेश शर्मा ने गांव में टी लगवाकर अनशन समाप्त करवाया था। अनशन के दौरान पाइपलाइन पर टी-कनेक्शन विवाद भी लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पीडब्ल्यूडी की सड़कों के किनारे से बिजली ढांचे स्थानांतरण की तैयारी

- बिजली निगम ने मांगा स्थानांतरण खर्च का अनुमान
- सड़कों के किनारे लगे बिजली के खंभों का किया जाएगा आकलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दक्षिण एवं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के निर्देशानुसार डीएचबीवीएन ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़कों एवं बरमों के किनारे स्थापित विद्युत अवसंरचना के संभावित स्थानांतरण के लिए सभी अधीक्षण अभियंताओं (ऑपरेशन) से लागत का अनुमान (रफ कॉस्ट एस्टिमेट) उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं। डीएचबीवीएन के मुख्य अभियंता (पीएंडडी) ने गुरुवार को बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से सड़कों के किनारे स्थापित उपयोगिता अवसंरचना (यूटिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर) के स्थानांतरण संबंधी विवरण मांगा गया है। इस संबंध में संबंधित क्षेत्रों में स्थित बिजली के खंभों, लाइनों, ट्रांसफार्मरों एवं अन्य विद्युत परिसंपत्तियों का आंकलन कर उनके स्थानांतरण की संभावित लागत तैयार करने को कहा गया है।

निगम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में प्रस्तावित स्थानांतरण स्थलों का परीक्षण कर शीघ्रातिशीघ्र लागत अनुमान तैयार कर मुख्यालय को भेजें, ताकि समेकित रिपोर्ट निर्धारित समयावधि में सक्षम प्राधिकारी एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को उपलब्ध कराई जा सके। डीएचबीवीएन ने इस कार्य को अत्यंत आवश्यक श्रेणी में रखते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# टोल शिफ्ट इंचार्ज हत्याकांड में अभी तक पुलिस के हाथ खाली

- तीन दिन पहले हुई थी हत्या, आरोपियों की तलाश में जुटी टीमें, शीघ्र गिरफ्तारी का दावा

**हिसार।** बाडो पट्टी टोल प्लाजा पर तैनात शिफ्ट इंचार्ज संजय शुक्ला की स्कॉर्पियो से कुचलकर बेरहमी से की गई हत्या के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। हालांकि पुलिस की कई टीमें आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही हैं।

अपनी जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस की टीमें टोल प्लाजा और उसके आसपास के रास्तों पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है ताकि आरोपियों की पहचान हो सके। वारदात के समय हमलावर किस दिशा से आए और हत्या को अंजाम देकर किस तरफ भागे, इसका सुराग लगाने के लिए तकनीकी सर्विलांस और साइबर सेल की मदद भी ली जा रही है। पुलिस का दावा है कि ठोस सबूत मिलते ही आरोपियों को दबोच लिया जाएगा। ज्ञात रहे कि बाडो पट्टी टोल पर शिफ्ट इंचार्ज संजय शुक्ला की सोमवार देर रात 130 रुपये के विवाद में स्कॉरपियों से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस को आरोपियों के पास से गिरा रिवाल्वर भी बरामद हुआ था। टोल कर्मचारियों का कहना है कि संजय शुक्ला ने आरोपियों से टोल के 130 रुपये मांगे थे, जबकि आरोपियों का कहना था कि वे स्थानीय निवासी हैं, इसलिए टोल नहीं देंगे। इसी बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने पहले संजय शुक्ला को पीटा और फिर कुचलकर मार डाला था।

### ट्रेन की चपेट में आने से टाइल मिस्त्री की मौत

**हिसार।** कैमरी रोड पर स्थित रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 23 वर्षीय संतोष कुमार के रूप में हुई है। हादस गुरुवार की सुबह हुआ। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई की है। संतोष कुमार टाइल लगाने का काम करता था। संतोष कुमार अपने भाई पंकज के साथ आजाद नगर एरिया में किराए में मकान में रहता था। वह मूलरूप से बिहार के समस्तीपुर जिला के गांव खोरी का रहने वाला था। बताया जाता है कि गुरुवार सुबह संतोष कुमार गांव गंगवा से कैमरी रोड स्थित रेलवे लाइन के पास घुमने के लिए गया हुआ था। इस दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया।

# हांसी नगर परिषद में कच्चा कर्मचारी घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार, एक्सईएन पर भी केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

स्टेट विजिलेंस ब्यूरो ने हांसी में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को टीम ने नगर परिषद के कच्चे कर्मचारी को 16,500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। नगर परिषद हांसी के एक्सईएन विक्की कुमार को भी नामजद किया गया है। विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने निरीक्षक महेंद्र सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की। आर्य नगर हांसी निवासी रवि कुमार को भाई जी होटल के सामने से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। रवि नगर परिषद हांसी में कच्चे कर्मचारी के तौर पर कार्यरत है और पार्कों के रखरखाव का कार्य भी देखता था।

- 11 लाख का बिल पास कराने के लिए मांगे थे 16,500 रुपये
- भाई जी होटल के सामने ट्रैप लगाकर पकड़ा



### ठेकेदार का 11 लाख का बिल था पेंडिंग

शिकायतकर्ता कुलदीप भुक्कल नगर परिषद नारनौंद में ठेकेदारी का काम करते हैं। उन्होंने विजिलेंस को शिकायत दी कि उनके मृत मौसेरे भाई का करीब 11 लाख रुपये का बिल नगर परिषद में लंबित था। कुलदीप के अनुसार, फाइल पर सभी अधिकारियों के हस्ताक्षर हो चुके थे, लेकिन एक्सईएन विक्की कुमार, जिनके पास नगर परिषद हांसी का अतिरिक्त कार्यभार भी है, फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे थे। आरोप है कि एक्सईएन ने कुलदीप से रवि कुमार से मिलने और सामान देने को कहा, तभी बिल पास होने की बात कही गई।

#### रिश्वत की राशि बरामद

शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस टीम ने सत्यापन किया और योजनाबद्ध ट्रैप लगाया। बुधवार को जैसे ही रवि कुमार ने शिकायतकर्ता से 16,500 रुपये की रिश्वत ली, पहले से तैनात टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली गई।

#### एक्सईएन की भूमिका की जांच अभी जारी

जांच अधिकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी रवि कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। नगर परिषद हांसी के एक्सईएन विक्की कुमार इस मामले में नामजद आरोपी हैं और उनकी भूमिका की जांच की जा रही है।

## पास नहीं होंगे मान्य, बच्चों का लगेगा आधा किराया

# हिसार से अग्रोहा मेडिकल के बीच एसी इलेक्ट्रिक बसें शुरू

अच्छा रिस्पॉन्स मिला तो फेरों की संख्या बढ़ाने पर भी होगा विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राज्य परिवहन ने हिसार बस अड्डा से अग्रोहा मेडिकल तक एसी इलेक्ट्रिक बसें शुरू कर दी है। गुरुवार 6.30 बजे बस का पहला संचालन शुरू हुआ। इस बस के शुरू होने से अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए आने वाले मरीजों, उनके परिजनों और प्रसिद्ध अग्रोहा धाम के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को फायदा होगा। तय शेडयूल के अनुसार इस रूट पर कुल चार फेरे लगाए जाएंगे। ये बसें दिन में चार बार हिसार से अग्रोहा मेडिकल जाएंगी और चार बार वापस हिसार लौटेंगी। किराया 10 से 45 रुपये तय किया गया है। रोडवेज महाप्रबंधक राहुल मित्तल एवं यातायात प्रबंधक प्रीतम कुमार ने बताया कि यदि इस रूट पर यात्रियों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला तो भविष्य में फेरों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार किया जा सकता है।





#### नहीं मिलेगी रियायत

हरियाणा रोडवेज के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि हिसार-अग्रोहा मेडिकल रूट पर शुरू की जा रही इन इलेक्ट्रिक बसों में सरकार द्वारा जारी विभिन्न प्रकार के यात्रा पास मान्य नहीं होंगे। इनमें वरिष्ठ नागरिक (सीनियर सिटीजन) पास, हैप्पी कार्ड, एनसीएमसी कार्ड, छात्र पास (स्टूडेंट पास) और दिव्यांग पास सहित अन्य श्रेणियों के पास शामिल हैं।

**अग्रोहा**

सुबह 6:30 बजे
सुबह 8:30 बजे
दोपहर 12:30 बजे
दोपहर 2:30 बजे

**हिसार**

सुबह 7:30 बजे
सुबह 9:30 बजे
दोपहर 1:30 बजे
दोपहर 3:30 बजे

#### स्टाफ भी मान्य नहीं


इसके अलावा, हरियाणा रोडवेज तथा अन्य विभागों के कर्मचारियों को मिलने वाली किराया रियायत भी इन बसों में लागू नहीं होगी। ई-बसों में यात्रा करने के लिए सभी को निर्धारित किराया देना होगा। बस सेवा में किसी भी श्रेणी के यात्रियों को विशेष किराया छूट नहीं मिलेगी। हालांकि, 1 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का आधा किराया लगेगा, जबकि 5 वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों को पूरा टिकट लेना होगा।

### यमुना पाइपलाइन से 280 क्यूसेक अतिरिक्त पानी देने के लिए प्रस्ताव तैयार

**हिसार।** हिसार, आदमपुर, नलवा, बालसमंद और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दो बड़े घटनाक्रम सामने आए हैं। राजस्थान जाने वाली प्रस्तावित यमुना भूमिगत पाइपलाइन से हरियाणा को 280 क्यूसेक अतिरिक्त पानी देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके तहत दानोदा कलां, नयागांव, सिसवाला हेड व पट्टन पर टैपिंग पॉइंट बनाए जाएंगे। सिंचाई विभाग के अनुसार, इसके लिए अलग भूमि अधिग्रहण या नई लिंक नहर की जरूरत नहीं होगी। किशनगढ़ ब्रांच–सिसवाला हेड लिंक (बालसमंद ब्रांच) नहर परियोजना के सर्वे को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए जल संघर्ष समिति ने सिंचाई विभाग को एक संयुक्त सर्वे समिति के गठन का प्रस्ताव भेजा है। जल संघर्ष समिति के सदस्य पारस लौरा ने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए उम्मीद जताई कि इन दोनों प्रस्तावों को मंजूरी मिलने से हिसार व आसपास के गांवों की वर्षों पुरानी पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

# फर्जी ई-चालान मैसेज अब साइबर ठगी का नया जाल

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने ई-चालान के नाम पर हो रही साइबर ठगी को लेकर नागरिकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि साइबर ठग मोबाइल पर ई-चालान लंबित होने के फर्जी मैसेज भेजकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं।



एसपी ने बताया कि ठग भेजे गए मैसेज में एक लिंक देते हैं। क्लिक करने पर वाहन की जानकारी भरने को कहा जाता है। कई बार फर्जी एप्लीकेशन (एपीके) डाउनलोड करवा लेते हैं। इससे मोबाइल का एक्सेस ठगों के पास पहुंच जाता है और वे बैंकिंग व निजी जानकारी चुराकर आर्थिक धोखाधड़ी कर देते हैं। यदि कोई साइबर ठगी का शिकार हो जाता है तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। साइबर अपराधियों के झांसे में आने से बचें।

#### पुलिस की एडवाइजरी

- ई-चालान की जानकारी केवल अधिकृत सरकारी वेबसाइट पर ही जांचें।
- किसी भी संदिग्ध लिंक या मैसेज पर क्लिक न करें।
- ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी व निजी विवरण साझा न करें।
- अनजान स्रोत से एपीके फाइल डाउनलोड या इंस्टॉल न करें।
- साइबर धोखाधड़ी की आशंका पर तुरंत 1930 शिकायत करें।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने बरामद किया चोरी हुआ मोबाइल

हिसार। अग्रोहा पुलिस ने शिव कॉलोनी अग्रोहा निवासी रवि उर्फ राणा को एक मामले में प्रोडक्शन वारंट पर लेकर उसकी निशानदेही पर चोरीशुदा मोबाइल फोन बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ईश्वर सिंह ने बताया कि इस वर्ष 20 अप्रैल को अग्रोहा निवासी संजय की शिकायत पर उसके घर से उसका मोबाइल चोरी होने का मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले में आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर उससे चोरीशुदा मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### किसान कल्याण रथ यात्रा 1 जुलाई से

हिसार। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ राजबीर सिंह ने बताया कि किसानों को कृषि क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों, सरकारी योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी उनके गांव स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा 1 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक किसान कल्याण रथ यात्रा आयोजित की जाएगी। इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक गांव में एलईडी युक्त प्रचार वाहनों के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण, कृषि यंत्रीकरण तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, फसल बीमा योजना सहित विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।



### मेयर ने दिया अभिनन्दन समारोह का निमंत्रण

हिसार। भाजपा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के शुक्रवार को होने वाले हिसार आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। उनके स्वागत एवं अभिनन्दन समारोह को भव्य बनाने के उद्देश्य से मेयर प्रवीण पोपली ने शहर के व्यापारियों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। इस दौरान राजेन्द्र चुटानी, सुनील मलिक, रवि मेहता, गुलशन छाबड़ा, अशोक चावला, सुनील चुघ, अंकित छाबड़ा, विशाल खुराना, पिंकी, रघुनन्दन, सुरेन्द्र, राज सलूजा आदि मौजूद रहे। मेयर प्रवीण पोपली ने गुरुवार को शहर की प्रमुख मार्केटों का दौरा कर व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उन्हें कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान उन्होंने राजगुरु मार्केट, बिश्नोई मार्केट, सुभाष मार्केट, पूजा मार्केट, बालाजी मार्केट, आर्य बाजार, पड़ाव चौक, भगत सिंह चौक तथा पुल तेलियान क्षेत्र सहित आसपास की मार्केटों में जाकर लोगों को अभिनन्दन समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

## पुलिस अधीक्षक ने ली केयर टेकरों की बैठक, दिए निर्देश

# थाना व चौकियों का वातावरण बनाएं बेहतर, न करें लापरवाही

एसपी ने उपलब्ध संसाधनों के सही और जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग करने की सलाह दी

हरिभूमि न्यूज ›› हिसार

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिला के सभी थाना, चौकियों, विभिन्न पुलिस इकाइयों तथा पुलिस लाइन में तैनात केयरटेकरों की बैठक ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिस परिसरों, भवनों एवं सरकारी संपत्ति के रखरखाव, स्वच्छता तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने सभी केयरटेकरों को निर्देश दिए कि थाना, चौकी एवं पुलिस कार्यालयों में स्वच्छता, रखरखाव एवं आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि पुलिस कर्मचारियों एवं आमजन को एक बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने विशेष रूप से सरकारी भवनों, फर्नीचर, विद्युत उपकरणों, जल आपूर्ति व्यवस्था एवं अन्य संसाधनों का नियमित निरीक्षण व उचित रखरखाव सुनिश्चित करने के आदेश दिए। एसपी ने सभी को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की मरम्मत अथवा आवश्यक कार्य की जानकारी समय पर संबंधित अधिकारियों को दी जाए तथा उपलब्ध संसाधनों का सही एवं जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग किया जाए। उन्होंने पुलिस परिसरों में साफ-सफाई, हरियाली एवं सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने पर भी बल दिया। एसपी ने केयरटेकरों की समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना गया, जिसके समाधान के लिए एसपी ने आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।



हिसार। बैठक लेते पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

### दहेज उत्पीड़न से जुड़े केस घटकर हुए 30

हिसार। जिला पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अपराधों की रोकथाम तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। जागरूकता अभियानों, नियमित निगरानी, संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई तथा शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के परिणामस्वरूप महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। पिछले वर्ष अप्रैल से जून तक व इस वर्ष इसी अवधि के तुलनात्मक आंकड़ों के अनुसार कुल मामलों की संख्या 171 से घटकर 113 रह गई। आंकड़ों के अनुसार किडनैपिंग से संबंधित मामलों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज करते हुए संख्या 24 से घटकर मात्र 6 रह गई। इसी प्रकार अपहरण एवं फुसलाकर ले जाने के मामलों में भी कमी देखने को मिली है। दहेज उत्पीड़न से संबंधित मामलों की संख्या 59 से घटकर 30 हो गई, जबकि बलात्कार के मामलों में भी कमी दर्ज करते हुए संख्या 14 से घटकर 10 रह गई। इसके अलावा पॉक्सो एक्ट तथा महिलाओं से छेड़छाड़ से संबंधित मामलों में भी गिरावट दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा जिला पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। अपराधों की रोकथाम के लिए नियमित गश्त, स्कूलों एवं कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम, महिला सुरक्षा संबंधी अभियान तथा शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई जारी है।

### सीएम विंडो शिकायत पर शिकायतकर्ता ने सौंपे सबूत

हिसार। ग्राम पंचायत सुलखनी की पंचायती भूमि पर कथित अवैध कब्जों, सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण तथा पंचायत कार्यों में संभावित वित्तीय व सार्वजनिक अनियमितताओं को लेकर सीएम विंडो पर की गई शिकायत के बाद अब मामला प्रशासनिक स्तर पर आगे बढ़ता नजर आ रहा है। शिकायत संख्या सीएमओएफएफ/एन/2026/060370 के संबंध में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, बरवाला कार्यालय की ओर से शिकायतकर्ता को पत्र भेजकर आरोपों के समर्थन में ठोस दस्तावेज व सबूत प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। शिकायतकर्ता रमेश कुमार निवासी गांव सुलखनी खंड कार्यालय, बरवाला पहुंचे और शिकायत से जुड़े दस्तावेज, रिकॉर्ड व अन्य सबूत अधिकारियों को सौंप दिए। उनका कहना है कि उनकी शिकायत में ग्राम पंचायत सुलखनी की पंचायती भूमि पर अवैध कब्जे, सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण तथा पंचायत कार्यों में संभावित अनियमितताओं के आरोप शामिल हैं। इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। शिकायतकर्ता रमेश कुमार ने बताया कि खंड पंचायत अधिकारी रोशन लाल ने उन्हें मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिया है।



हिसार। श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में भजन गाते गायक व श्रद्धालु।

### हथेली पर जागृत ज्योति के दर्शन के लिए बीड़ बबरान धाम में उमड़े श्रद्धालु

हिसार। बीड़ बबरान धाम में चल रहे श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान, अखंड ज्योति पाठ व ताली कीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से अनगिनत श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। जनकल्याण के निमित हथेली पर जागृत ज्योति के दर्शन करके श्रद्धालु अभिभूत हो गए। 15 जून से बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा अपनी हथेली पर ज्योति जगाते हुए बाबा की आराधना कर रहे हैं। श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान के दौरान श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ व ताली कीर्तन का आयोजन करके श्याम बाबा का गुणगान किया गया। इस दौरान गायकों व श्रद्धालुओं ने भजन गाकर समां बांध दिया। इस अवसर पर प्रधान शिव कुमार, रामचंद्र गंगवा, ओमप्रकाश, बीड़ बबरान सरपंच पूनम देवी व सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र, निज पुजारी विनय शर्मा, राजेश मिश्रा, विनोद गोयल, मनीष बंसल, कर्ण गर्ग, अनिल कपूर, विशु, आशु, मंदिर सेवादार सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय नशा मुक्त भारत पखवाड़ा समापन कार्यक्रम आज

हिसार। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय नशा मुक्त भारत पखवाड़ा का समापन समारोह में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सतेंद्र नाथ बोस सभागार में किया जाएगा। इसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम हाइब्रिड एवं वर्चुअल माध्यम से आयोजित होगा, जिसके माध्यम से प्रदेशभर के विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों तथा संबंधित एजेंसियों को जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि भी सहभागिता करेंगे।

### खांडा खेड़ी में हुआ सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण

नारनौंद। खांडा खेड़ी के शहीद भरत सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण के अंतिम दिन के योग शिविर का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ हुआ। शहीद स्मारक गुलकनी के स्वामी दिव्यानंद व जिला सोशल मीडिया प्रभारी हांसी व योग शिक्षक बिजेंद्र आर्य द्वारा हवन यज्ञ किया गया। यज्ञमान जिला प्रभारी हांसी वेद प्रकाश आर्य और उनकी धर्मपत्नी विद्या रानी रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच भी की गई। जिला प्रभारी वेद प्रकाश आर्य ने ओम और गायत्री मंत्र के साथ योग शिविर की शुरुआत की। मुख्य अतिथि स्वामी दिव्यानंद, पतंजलि भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार, जिला प्रभारी वीरेंद्र बडाला, हांसी के प्रभारी अशोक एलाहबादी, जोगिंद्र ग्रोवर, प्रवीन को पतंजलि परिवार बास तहसील द्वारा सम्मानित किया गया। खांडा खेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि बलजीत द्वारा गांव के कारगिल योद्धा कैप्टन जसबीर सिंधु को पतंजलि के अंग वस्त्र को पहनाकर, व फूलमाला को डालकर व सत्यार्थ प्रकाश व योग मार्गदर्शीका पुस्तक को भेंट करके सम्मानित किया गया। 12वीं कक्षा की टॉपर महानिया सिंह लाठर को भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी डॉ. मुकेश ने सम्मानित किया गया।



नारनौंद। खांडा खेड़ी में आयोजित योग शिविर में लाठी पर योग करते छात्र।

### भंडारे के लिए खाद्य सामग्री से भरे दो ट्रक श्रीनगर रवाना



हिसार। श्री शिव सेवक मंडल ट्रस्ट की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ बाबा का 15वां विशाल भंडारा पैंथा चौक, श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) में लगाने के लिए सेक्टर 14 स्थित पंजाबी भवन से खाद्य सामग्री से भरे दो ट्रकों के अलावा सेवादारों के अन्य वाहनों को बैंड बाजों व ढोल-ढमाकों के बीच रवाना किया गया। इससे पहले पं. नरेन्द्र शर्मा ने पूजा-अर्चना करवाई। पूजन के बाद बाबा भोलेनाथ के जयकारों के बीच मंडल के सरपरस्त व वयोवृद्ध समाजसेवी रामबख्श असीजा व मंडल के प्रधान डॉ. महिपाल मुंजाल ने झंडी दिखाकर ट्रकों को रवाना किया व शिवभक्तों को अंग वस्त्र पहनाकर अपनी शुभकामनाएं दीं। भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। ट्रकों की रवानगी के अवसर पर मंडल से जुड़े समाजसेवी विजय गावड़िया, शम्मी नागपाल, यश नागपाल, रवि मेहता एडवोकेट, रवि भुटानी, गगन मल्हौत्रा (बॉबी), डॉ. सौरभ मुंजाल, कुलभूषण बंसल, जगदीश रहेजा, शालू नागपाल, रमेश भल्ला, महेन्द्र पाल, राजकुमार बजाज, धर्मबीर माटा, धर्मबीर चहल, रमेश आहुजा आदि भी उपस्थित रहे।

### महाबंध से जागृत होती है शरीर की सुप्त शक्तियां : सुनील कक्कड़

हिसार। भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति द्वारा सेक्टर-1 स्थित मेन पार्क में चल रहे 5 दिवसीय निःशुल्क योग विज्ञान शिविर में गुरुवार को बड़ी संख्या में सेक्टरवासियों, योग साधकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगाभ्यास का संचालन समिति के महामंत्री सुनील कक्कड़ ने किया। उन्होंने साधकों को महाबन्ध (बाह्य प्राणायाम) का अभ्यास करवाते हुए कहा कि जिसने इस प्राणायाम को विधिपूर्वक सिद्ध कर लिया, वह अनेक शारीरिक एवं मानसिक व्याधियों पर नियंत्रण पाने में सक्षम हो जाता है। उन्होंने साधकों से आह्वान किया कि योग को कुछ दिनों का अभ्यास न मानकर जीवनभर की साधना बनाएं। प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि शिविर में मुख्य योग शिक्षक राजेश कुमार, सरोज दहिया, योग शिक्षक शमशेर पूनिया, जयप्रकाश, ब्रह्मानंद, परमेंद्र, रामहेर, योगेश, मुकेश, सोनिया आदि मौजूद थे।



हिसार। योगाभ्यास कराते पतंजलि योग समिति के महामंत्री सुनील कक्कड़ व अन्य।

### शहीद राजबीर सिंह के शहीदी दिवस पर 125 यूनिट रक्तदान



हांसी। गांव ढाणी सांकरी में वीरवार को शहीद राजबीर सिंह के 26वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के युवाओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी निभाई। रक्तदान शिविर में कुल 125 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम राजेश खोथ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि दुनिया में रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि इससे जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। एसडीएम राजेश खोथ ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर में नागरिक अस्पताल हांसी तथा अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की टीमों के सहयोग से रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर यशवीर सिंह, मास्टर सुनील सिंह, दलबीर, सतवीर सांगवान सहित काफी संख्या में गांव व आसपास के नागरिक उपस्थित रहे।



हिसार। विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम में उपस्थित विशेषज्ञ एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### आज का युग इनोवेशन का : डॉ. गोयल

हिसार। युवाओं में उद्यमशीलता और नए विचारों को बढ़ावा देने के लिए ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय, ओम वेलफेयर सोसाइटी और 'सृजन' इन्क्यूबेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क पांच दिवसीय विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की गई है। बिजनेस स्टार्टअप एंड एंटरप्रेन्योरशिप पर आधारित यह कार्यक्रम 29 जून तक चलेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जो अपना स्टार्टअप शुरू करना चाहते है या पहले से कोई बिज़नेस कर रहे है उन्हें मज़बूत मंच, प्रेरणा और कार्यस्थल प्रदान करना है, जिनके पास बिजनेस से जुड़े नए इनोवेटिव आइडियाज हैं या जो अपना खुद का स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। साथ ही, जो युवा पहले से ही अपना व्यवसाय चला रहे हैं, उन्हें अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने के गुर सिखाए जा रहे हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज का युग इनोवेशन और आत्मनिर्भरता का है। हमारा उद्देश्य प्रांत ये युवाओं को को सिर्फ नौकरी पाने के योग्य बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जॉब क्रिएटर बनने के लिए प्रेरित करना है। इसी कड़ी में ग्रुप सीओओ एंड प्रोवोस्ट डॉ. अजय कुमार पोद्दार और कुलपति डॉ एन पी कौशिक ने प्रोग्राम में शामिल युवाओं से रूबरू होकर प्रेरित किया। डॉ. शोभना पोद्दार ने कहा कि इस पांच दिवसीय कार्यशाला को इस तरह से डिजाइन कि गई है कि छात्रों को मार्केट और इंडस्ट्रीज की बारीकियों को समझने का मौका मिले।

### लोक कल्याण मेले में सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

हांसी। नगर परिषद परिसर में गुरुवार को लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य आमजन को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाना तथा पात्र नागरिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना रहा। मेले में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एलडीएम राजेश जिंदल उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के सीईओ राजेंद्र सोनी ने की। दोनों अधिकारियों ने मेले में पहुंचे नागरिकों को सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा अधिक से अधिक लोगों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आह्वान किया। अधिकारियों ने नागरिकों को समय पर संपत्ति कर जमा करवाने के लाभों के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि समय पर कर जमा करवाने से नगर परिषद को विकास कार्यों के लिए संसाधन उपलब्ध होते हैं, जिससे शहर में बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं। साथ ही नगर परिषद द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सेवाओं और सुविधाओं की भी जानकारी दी गई। मेले में विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और पात्रता संबंधी शर्तों के बारे में विस्तार से बताया गया।

### आधारभूत शिक्षा को मजबूत बनाने पर मंथन

हिसार। शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा हिमाचल प्रदेश के कसौली में आयोजित तीन दिवसीय निपुण 2.0 नेतृत्व सम्मेलन का समापन हुआ। सम्मेलन में राज्य एवं जिला स्तर के शिक्षा अधिकारियों, शैक्षणिक नेतृत्वकर्ताओं तथा शिक्षा विशेषज्ञों ने भाग लेकर निपुण हरियाणा मिशन की उपलब्धियों की समीक्षा की तथा आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए भविष्य की रणनीतियों एवं प्राथमिकताओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया। सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण टीचिंग एंड लर्निंग प्रैक्टिसेज़ स्टडी हरियाणा की रिपोर्ट का विमोचन एवं उस पर आधारित विस्तृत चर्चा रही। एससीईआरटी हरियाणा के निदेशक डॉ. समवर्तक सिंह ने कहा कि निपुण 2.0 नेतृत्व सम्मेलन ने पुनः स्थापित किया है कि शिक्षा में स्थायी एवं प्रभावी परिवर्तन तभी संभव है, जब नीति, शिक्षा शास्त्र और व्यवहार के बीच बेहतर समन्वय हो। इस अवसर पर राज्य नोडल अधिकारी निपुण हरियाणा डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि निपुण 2.0 केवल कार्यक्रम का अगला चरण नहीं है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण आधारभूत शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सम्मेलन में हिसार जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार तथा जिला एफएलएन समन्वयक प्रमोद कुमार ने भाग लिया।



हिसार। निपुण 2.0 नेतृत्व सम्मेलन के समापन अवसर पर उपस्थित प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### संजीवनी योग कार्यक्रम के प्रसार को मांगा सहयोग

नारनौंद। आयुष्मान आरोग्य मंदिर कापड़ो के चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजयू के मार्गदर्शन में आयुष योग सहायक एवं आर्य समाज कापड़ो के प्रधान दलशेर आर्य ने गांव कापड़ों के सरपंच प्रतिनिधि कपीश गोयत से मुलाकात कर सरकार के संजीवनी योग कार्यक्रम योजना के बारे में बताया और गांव में इसके प्रचार प्रसार में सहयोग करने का आग्रह किया। कपीश गोयत ने आयुष विभाग के इस अभियान में सहयोग करने का आश्वासन दिया और कहा कि ग्राम पंचायत कापड़ो इस कार्य को आगे बढ़ाने का काम करेगी। इसी कड़ी में गांव की गलियों एवं आयुष आरोग्य मंदिर कापड़ो में आयुष योग सहायक राहुल और दलशेर आर्य ने बुजुर्ग व्यक्तियों एवं महिलाओं को योग प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया।





### निर्जला एकादशी पर वाटर कूलर स्थापना

हिसार। निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर गुरुवार को भारत विकास परिषद केशव शाखा हिसार की प्रेरणा से सावित्री देवी लुहारीवाला की ओर से एक वाटर कूलर महाराजा अग्रसेन सामान्य अस्पताल में लगवाया गया। इस अवसर पर सावित्री देवी ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाने से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। इस अवसर पर शाखा अध्यक्षा अनुपमा अग्रवाल ने केशव शाखा की ओर से उनका आभार व्यक्त किया गया। मौके पर अस्पताल की पीएमओ डॉ. रीना जैन, डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई, डॉ. लता सांगवान के अलावा सावित्री देवी की पुत्री मीनाक्षी लाहोरिया व दामाद सुरेंद्र लाहोरिया उपस्थित रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से नगर संघ चालक राहुल अग्रवाल, शाखा सचिव अमित जैन एडवोकेट, सेवा गतिविधि संयोजक विराट अग्रवाल, मुकेश बंसल, राजीव बंसल, दीपक गौतम, अशोक वर्मा विशाल शर्मा, कुसुम लाहोरिया अक्षय, राघव भी मौजूद रहे।



### दुकानदारों ने लगाई छबील, बांटा आलू-भैह का प्रसाद

हिसार। जाट कॉलेज रोड स्थित डबल फाटक के दुकानदारों ने निर्जला एकादशी पर्व के उपलक्ष्य में ठंडे मीठे शर्बत की छबील लगाई जो सायंकाल तक जारी रही। छबील पर शर्बत के अलावा 100 किलो आलू-भैह का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रशांत बॉक्सर, कृष्णलाल रेल्हन, दीनदयाल, कुलदीप जसाईवाल, राजेन्द्र गुप्ता, रामबाबू, मा. भरत, अज्जू, हर्षित, मनीश, बंटी, दिनेश, अनिल जसाईवाल, जतिन, प्रवीन उपस्थित रहे।



### श्री रामलीला कमेटी कटला ने लगाई छबील

हिसार। श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा एकादशी पर गांधी चौक पर छबील लगाकर ठंडाई, लाहौरी जीरा व आम वितरित किए गए। कटला रामलीला के पदाधिकारियों ने प्रातः ही टेंट लगाकर सेवा शुरू की। इस दौरान डेढ़ क्विंटल दूध की गुरु जी ठंडाई बनाकर राहगीरों को पिलाई गई। इसके साथ ही सैकड़ों बोतल लाहौरी जीरा भी सेवार्थ भाव से उपलब्ध करवाई गई। इतना ही नहीं लोगों को दो क्विंटल आम भी वितरित किए गए। आयोजन में कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता, सचिव ललित गोयल, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार लोहिया, उप प्रधान अनूप बिंदल व सह सचिव राजकुमार जैन, विनोद कंसल, राजेश बंसल, राधेश्याम अग्रवाल, दिनेश जैन, प्रवीन सिंगल व चंद्रभान सोनी एवं परसाराम, कमल किशोर, केशव सिंगल, सुनील कुमार, अश्विनी शर्मा, राजेश शर्मा, रमन लोहिया व विनोद वर्मा सहित समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की विशेष भूमिका रही।



### मां संतोषी आश्रम मॉडल टाऊन में लगाई छबील

हिसार। श्री आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम मॉडल टाऊन में हर वर्ष की भांति वीरवार को निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में ठंडे पानी की छबील लगाई गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने निर्जला एकादशी का प्रसाद ग्रहण किया और श्रद्धा अनुसार दुध, बर्फ, चीनी, रुह अफजा व धनराशि का दान किया। इस दौरान अनिल महता, रमेश चुघ, जयप्रकाश जेपी ने सेवा कार्य में भाग लिया। इस अवसर पर राजमल काजल, सुशील बुड़ाकिया, पंडित आनंद वल्लभ सत्ती व पंडित विपिन चमौली सहित पीठ कमेटी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### निर्जला एकादशी पर मीठे जल की छबीलें लगाई

आदमपुर। निर्जला एकादशी पर अनाज मंडी में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा स्थानीय रेलवे स्टेशन में पर जलेबी] समोसा व खाने-पीने का सामान बांटा गया। बाजार, बस स्टैंड रोड, बोगा मंडी, क्रांति चौक, तहसील रोड सहित अनेक स्थानों पर ठंडे जल, शरबत, गन्ने का जूस व अन्य पेय उपलब्ध करवाएंगे गये। इस अवसर पर व्यापार मंडल उप प्रधान संदीप गोयल, सचिव कमल बंसल, दिनेश गर्ग , राजेनदर भारती, महेंद्र वर्मा, कृष्ण सिंगला, कृष्ण गर्ग, मोनू, सोनू, नवीन मोगा आदि मौजूद थे।

### बरवाला में लगाया बाल संस्कार शिविर

बरवाला। भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा एवं रागनी आर्ट्स, बरवाला के संयुक्त तत्वावधान में ब्राह्मण धर्मशाला प्रांगण में आयोजित रंगोत्सव एवं बाल संस्कार शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ भारती विद्या मंदिर स्कूल, बरवाला की प्रधानाचार्या मधु शर्मा एवं समाजसेविका केला देवी लोहान द्वारा मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कला अध्यापक, प्रसिद्ध चित्रकार एवं गायत्री शाखा के सचिव राजेन्द्र भट्ट ने बच्चों को म्यूरल आर्ट का प्रशिक्षण प्रदान किया। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष पवन शर्मा, कार्यक्रम संयोजक टेकचंद मुदगल, सुरेन्द्र गोयल, जिले सिंह जाखड़, रमेश चन्द्र सिंगला, जसवंत लोहान, जिले सिंह, सुभाषचन्द्र, सुनीता जाखड़, गुंजन गोयल आदि उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### आबकारी अधिनियम के मामले में पीओ काबू

**हिसार।** सदर पुलिस के पीएसआइ शीशपाल के नेतृत्व में टीम ने आबकारी अधिनियम के एक पुराने मामले में काफी समय से फरार चल रहे एक पीओ को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान तलवंडी राणा निवासी नरेश उर्फ भनड़ू के रूप में रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 3 फरवरी 2021 को सदर थाना में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी लगातार अदालत से अनुपस्थित चल रहा था।

### बालसमंद में अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार

**हिसार।** बालसमंद पुलिस चौकी टीम ने अवैध देशी शराब सहित एक आरोपी पकड़ा है। आरोपी की पहचान गांव के ही अश्वनी कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसर सूचना के आधार पर आरोपी अश्वनी कुमार को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से कुल 19 बोतल अवैध देशी शराब बरामद की गई, जिनमें मस्ती माल्टा, शहनाई एवं शाही जामुन ब्रांड की शराब शामिल है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### शहर में स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर निगम सख्त

**हिसार।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से निगम द्वारा स्वच्छता नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू तथा आईसी विशेषज्ञ हरिराम गुज्जर की टीम ने कैमरी रोड और कैंप चौक क्षेत्र में निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानदारों के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग करते पाए जाने पर 4 चालान किए गए। इसके अलावा निर्जला एकादशी पर शहर में लगाई गई मीठे पानी की छबील का भी निरीक्षण किया गया।

### भाजपा ने शहर में चलाया पौधरोपण अभियान

**नारनौंद।** भाजपा के नारनौंद मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से मंडल स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। लोहान ने कहा कि पौधरोपण आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है। मौके पर मंडल अध्यक्ष कर्मपाल पेटवाड़, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन विजेंद्र शर्मा, पवन दुहन, दर्शन पंवार, मुकेश आदि रहे।

### गुजवि के 12 विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

**हिसार।** गुजवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के सौजन्य से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव्स से विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सों के 12 विद्यार्थियों को प्लेसमेंट मिला है। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि रमन पुंधीर को एंजो कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड, कनिका को श्री गंगा इंडस्ट्रीज, दीपांशु पांडे को सनविन ऑटो प्राइवेट लिमिटेड,विश्वजीत पांडे को शर्मन जैन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में, संजय कुमार, लीना, पंकज व आशुतोष आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस में चयनित हुए है।

## एडीसी ने शालिनी चेतल ने समाधान शिविर में सुनी जनसमस्याएं

# गली निर्माण में अनियमितताओं व मिलीभगत का आरोप, जांच कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश

**एसडीएम ने समाधान पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने आमजन की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में गांव चुली बागडियान ने जमीन पर कब्जा करने तथा गैर कानूनी तरीके से सिंचाई का पानी रोकने संबंधी शिकायत पर एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्या का उचित समाधान करने की हिदायत दी। सैनिक विहार कॉलोनी निवासी एक प्रार्थी द्वारा गली निर्माण कार्य में अनियमितताओं, घटिया साम्रगी का प्रयोग कर मिलीभगत की आशंका के चलतें जांच करवाने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने को कहा। गांव बिठमड़ा निवासी एक प्रार्थी द्वारा पीने के पानी की पाइप लाइन लिकेज को बंद करवाने संबंधी शिकायत पर एडीसी ने संबंधी विभाग के अधिकारियों को आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव तेलनवाली निवासी एक प्रार्थी द्वारा तेलनवाली-कुतियावाली के जलघर के मोगा का साइज बढ़ाने की मांग पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस पर आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चंदूलाल गार्डन कॉलोनी के एक प्रार्थी द्वारा चंदूलाल गार्डन से कबाड़ का गोदाम हटवाने संबंधी शिकायत पर एडीसी ने इस मामले की जांच कर पुलिस विभाग को आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।


**हिसार।** शिविर में जनसमस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल।

**एसएलसी की एवज में अवैध राशि मांगी**

सुदामा नगर निवासी विकास द्वारा उसके बच्चे का स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट दिए जाने की एवज में अवैध राशि मांगने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को इस मामले की जांच कर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार, डिप्टी सीईओ कीर्ति सिरोहीवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


**हांसी।** समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते एसडीएम राजेश खोथ

### जल निकासी पर प्रशासन सख्त बाजारों में दिन में दो बार होगी सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और मौके पर समाधान के निर्देश दिए। शहर की साफ-सफाई की शिकायत पर एसडीएम ने बताया कि सड़कों की नियमित सफाई के लिए एक एजेंसी को छह माह का टेंडर दिया गया है। एजेंसी ने काम शुरू कर दिया है। अब बाजारों और मुख्य सड़कों की प्रतिदिन सुबह और शाम दो बार सफाई होगी। नालों की सफाई का काम भी एजेंसी को सौंपा गया है। कूड़ा बीड फार्म स्थित डंपिंग स्टेशन पर डाला जा रहा है।

**ये रहे उपस्थित**

शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन बनवाने, परिवार पहचान पत्र में त्रुटियां ठीक करवाने समेत कई आवेदन आए। एसडीएम ने सभी शिकायतों को प्राथमिकता पर निपटाने को कहा। इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संदीप भारद्वाज, नायब तहसीलदार खुर्शीद अहमद, बीडीपीओ राज सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


**बरवाला।** यूनियन थर्मल खेदड़ के प्रांगण में विरोध प्रदर्शन करते हुए

### थर्मल खेदड़ यूनिट में कर्मियों ने किया कड़ा विरोध प्रदर्शन

**मैनेजमेंट पर लगाया तानाशाही का आरोप**

- सरकार व थर्मल प्रशासन ने हरियाणा बिजली उत्पादन निगम व बिजली निगम के कर्मचारियों की जायज मांगों को नहीं माना
- एचपीजीसीएल प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट खेदड़ के प्रांगण में हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय परिषद के आह्वान पर थर्मल खेदड़ यूनिट और थर्मल कर्मचारियों द्वारा सरकार व मैनेजमेंट पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए एचपीजीसीएल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रधान राजबीर ने की और संचालन दीपक सहरावत सहसचिव खेदड़ यूनिट ने किया। इन प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रधान राजबीर सोनी ने कहा कि सरकार व थर्मल प्रशासन ने हरियाणा बिजली उत्पादन निगम व अन्य बिजली निगमों के कर्मचारियों की जायज मांगों को नहीं माना। इस अवसर पर केंद्रीय परिषद में उपप्रधान व यूनिट सर्कल सचिव दलजीत पंघाल, सचिव सुरेश सैनी, वरिष्ठ उपप्रधान शिव कुमार, उपप्रधान सत्यवान खटकड़, कृष्ण नैन सहसचिव दीपक सहरावत, दीपक कक्कड़, कैशियर रवि प्रकाश, ऑर्गनाइजर संदीप कालीरावणा, उज्ज्वल शर्मा, सुनील चौहान, पूर्व प्रधान रामभगत बूरा, इंद्रपाल गोदारा,नरेश जांगड़ा, शीशपाल नैन, बीर सिंह, रामपाल सैनी, अरुण, विनय नेहरा, मनोज, रोहतास लाम्बा, कुलदीप शर्मा, प्रियव्रत शर्मा, भीम यादव, नरेश कुमार, सुदेश यादव व विजय समेत सैकड़ो कर्मचारी मौजूद रहे।

## कुंजल मेहता बने जिंदल स्टेनलेस में सीएफओ अधिकारी, 25 वर्षों का अनुभव

- अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस में वित्तीय अधिकारी के पद पर कार्यरत थे मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत की प्रमुख स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने कुंजल मेहता को गुरुवार को अपना मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया। वित्त क्षेत्र के अनुभवी पेशेवर मेहता के पास 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वह कंपनी की वित्तीय रणनीति का नेतृत्व करेंगे और कंपनी के विकास, विस्तार व मूल्य सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सीएफओ के रूप में कुंजल मेहता कंपनी के वित्तीय कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसमें वित्त और निवेश प्रबंधन, पूंजी प्रबंधन, वित्तीय योजना बनाना, निवेशकों से संबंध, जोखिम प्रबंधन और कंपनी की रणनीतिक विकास पहलों की निगरानी शामिल होगी।

**प्रबंधन व पैसे का सही इस्तेमाल प्राथमिकता**



इस नियुक्ति पर टिप्पणी करते हुए जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि जैसे जिंदल स्टेनलेस अपनी मजबूत स्थिति को और बेहतर बनाने और अपनी लंबी अवधि की विकास योजना पर आगे बढ़ने पर काम कर रहा है, ऐसे में कंपनी का वित्तीय प्रबंधन और पैसे का सही इस्तेमाल महत्त्वपूर्ण प्राथमिकता रखते हैं। मुझे भरोसा है कि कुंजल मेहता के नेतृत्व से हमारी वित्तीय स्थिति और मजबूत होगी और उत्पादन कारोबार में मदद मिलेगी। जिंदल स्टेनलेस से जुड़ने से पहले मेहता अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड में मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के पद पर कार्यरत थे।

## रोडवेज कर्मियों ने दी 9 से बड़े आंदोलन की चेतावनी

**वित्तीय भत्तों व अन्य मांगों पर लगातार धरना 42वें दिन भी रहा जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कर्मचारियों के लंबित वित्तीय भत्तों व अन्य मांग पर रोडवेज महाप्रबंधक के खिलाफ चल रहा धरना अब पूरी तरह से आर-पार की लड़ाई में बदल चुका है। इसी कड़ी में गुरुवार को धरने के 42वें दिन भी कर्मचारियों का आक्रोश चरम पर दिखाई दिया। धरने की अध्यक्षता दर्शन जांगड़ा ने की जबकि मंच संचालन राजेश सेलवाल ने किया। आंदोलन को उस समय और अधिक मजबूती मिली जब धरना स्थल पर हरियाणा रोडवेज के कई वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी नेताओं ने पहुंचकर इस लड़ाई को अपना पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया। सांझा संघर्ष समिति हिसार के प्रेस प्रवक्ता संदीप जैनावास ने दो टूक शब्दों में प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि समिति द्वारा सौंपे गए 15 सूत्रीय मांग पत्र की सभी मांगों को निर्धारित समय सीमा यानि 8 जुलाई तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने साफ किया कि यदि तय समय तक कर्मचारियों की इन जायज मांगों का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया, तो आगामी 9 जुलाई को हिसार डिपो के तमाम कर्मचारी एक बहुत बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी डिपो प्रशासन की होगी।


**हिसार।** कर्मचारियों को संबोधित करते नेता।

**ये रहे उपस्थित**

धरने पर रिटायर्ड महाप्रबंधक उदयवीर सिंह दुहन, राजपाल नैन, राजबीर सिंधु, नरेश गोयल, बलबीर सिंह देशवाल, कुलदीप पाबड़ा, जोगेंद्र पंघाल, पवन कनोह, बजरंग लाखा, शिव कुमार श्योराण, अमित जुगलान, नरेंद्र खरड़, कर्मबीर मसूदपुर, अरुण शर्मा, जितेंद्र शर्मा, अनूप श्योकंद आदि उपस्थित रहे।



### बीएससी नर्सिंग में दाखिले के लिए गुजवि में हुई प्रथम काउंसलिंग

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग की ओर से द्वारा बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रथम काउंसलिंग का आयोजन विश्वविद्यालय के सीआरएस ऑडिटोरियम, सेमिनार हॉल-1 में किया गया। नर्सिंग विभाग की अध्यक्षा प्रो. सुमित्रा सिंह ने बताया कि बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम के लिए कुल 100 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें 15 सीटें अखिल भारतीय (ऑल इंडिया) श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित हैं। प्रथम काउंसलिंग के दौरान विभिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों ने भाग लिया तथा नियमानुसार सीटों के आवंटन की प्रक्रिया संपन्न की गई। काउंसलिंग के दौरान अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों को पाठ्यक्रम की विशेषताओं, विश्वविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाओं तथा नर्सिंग क्षेत्र में रोजगार एवं करियर की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान प्रो. अश्वनी कुमार, प्रो. अर्चना कपूर, डॉ. राकेश संधू, डॉ. शिखा पाहूजा, डॉ. आभा तथा डॉ. कविता बहमनी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत के निर्माण में समाज और प्रशासन की भूमिका जरूरी : विनय दीक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पंचनद शोध संस्थान द्वारा 'भारत 2047: व्यक्ति निर्माण' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में अखिल भारतीय प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय सह-संयोजक विनय दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। गुजवि के वरिष्ठ अर्थशास्त्री प्रो. नरेंद्र कुमार बिश्नोई प्रस्तोता के रूप में मौजूद रहे। राष्ट्रीय सह-संयोजक विनय दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत के निर्माण में प्रशासन, संस्थान और समाज की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। प्रशासन सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन का आधार बनता है। संस्थान शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा कौशल विकास के माध्यम से राष्ट्र की बौद्धिक और आर्थिक शक्ति को सुदृढ़ करते हैं।


**हिसार।** कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

**जीवन में प्रगति के लिए अनुशासन जरूरी**

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि परिवार हमें संस्कार, स्कूल आधार, विश्वविद्यालय दिशा और समाज अवसर देता है। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। मंच संचालन पंचनद शोध संस्थान, अध्ययन केन्द्र, हिसार के सचिव डॉ. मोहित कुमार ने किया जबकि धन्यवाद प्रस्ताव मीडिया सलाहकार डॉ. संदीप आर्य ने पारित किया।

## कपास-धान पर नजर रखने खेतों में उतरी विशेषज्ञों की टीम

**किसानों को बचाव उपाय पर दिए टिप्स**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कपास और धान की फसलों को कीट व रोगों से सुरक्षित रखने के लिए कृषि विभाग और भारत सरकार के क्षेत्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद की संयुक्त टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में फसलों का सर्वेक्षण किया। इस दौरान किसानों को समय रहते बचाव उपाय अपनाने और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने की सलाह दी गई। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ राजबीर सिंह ने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने कपास की फसल और धान की नर्सरी का निरीक्षण कर किसानों को कीट एवं रोग प्रबंधन संबंधी जानकारी दी। किसानों को धान की फसल में बौनेपन रोग सहित अन्य बीमारियों से बचाव के लिए बीज उपचार की सलाह दी गई। कपास की फसल में शुरुआती अवस्था से ही कीटों की नियमित निगरानी जरूरी है। इसके लिए किसानों को 40 से 45 दिन बाद प्रति एकड़ कम से कम 4 फेरोमोन ट्रैप लगाने की सलाह दी गई। वहीं कपास का रस चूसने वाले कीटों पर नियंत्रण के लिए प्रति एकड़ 10 पीले और नीले स्टिक ट्रैप लगाने की सलाह दी गई। डॉ राजबीर सिंह ने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान किसानों को राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली मोबाइल ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई।

### नई अनाज मंडी में पहुंचने पर व्यापारियों ने वन विकास निगम चेयरमैन रवि सैनी का स्वागत

**हिसार।** हरियाणा वन विकास निगम के नवनियुक्त चेयरमैन रवि सैनी का शहर की नई अनाज मंडी में पहुंचने पर व्यापारियों ने स्वागत किया। वे मंडी के प्रमुख व्यापारी विजय गर्ग धांसूवाले के प्रतिष्ठान पर पहुंचे, जहां उनका फूल-मालाओं के साथ अभिनंदन किया। मौके पर उपस्थित व्यापारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने रवि सैनी को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में व्यापारियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में वन विकास निगम नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। स्वागत समारोह में अनाज मंडी प्रधान मांगेराम रावलवासिया, मार्केट कमेटी चेयरमैन रविंद्र रॉकी, वाइस चेयरमैन अनिल डालमिया, मार्केट कमेटी सचिव भरत शर्मा, मनीराम गोयल, सुरेंद्र गुप्ता, पंकज नागपाल, महेंद्र सैनी, पूर्व प्रधान छबीलदास केड़िया, रमेश जिंदल आदि रहे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**वैज्ञानिक योगदान पर डॉ. नीलेश 'प्रशंसा सम्मान' से सम्मानित**

## विज्ञान कांग्रेस में लुवास को मिला प्रशस्ति प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), ने राष्ट्रीय पटल पर एक बार फिर अपनी वैज्ञानिक श्रेष्ठता का लोहा मनवाया है। कोलकाता के प्रतिष्ठित आईटीसी रॉयल बंगाल में आयोजित 'पांचवीं भारतीय पशु त्वचा विज्ञान कांग्रेस' में लुवास के वैज्ञानिक, सहायक प्रोफेसर एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नीलेश सिंधु को पशु त्वचा विज्ञान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय वैज्ञानिक योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में आयोजित एक विशेष भेंट कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने डॉ. नीलेश सिंधु को इस उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं दीं। कुलपति ने कहा कि डॉ. सिंधु की यह सफलता पूरे विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। इस अवसर पर कुलपति के साथ पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश खुराना तथा विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञान सिंह भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने डॉ. सिंधु को इस राष्ट्रीय गौरव के लिए बधाई दी।


**हिसार।** डॉ. नीलेश सिंधु को बधाई देते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा।

**बड़ी उपलब्धि हासिल**

इस राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. सिंधु के साथ-साथ लुवास विश्वविद्यालय को भी एक बड़ी संस्थागत उपलब्धि हासिल हुई। पशु त्वचा विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने, शोध संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लुवास को संस्थागत प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।

एसोसिएशन फॉर वेटरनरी डर्मेटोलॉजी, इंडिया (एवीडी) द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में देश-विदेश के शीर्ष पशु चिकित्सा विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और शोधार्थियों ने हिस्सा लिया।

### प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद आज पहली बार हिसार पहुंचेंगी डॉ. अर्चना गुप्ता

**हिसार।** भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद डॉ. अर्चना गुप्ता 26 जून को पहली बार हिसार के दौरे पर आएंगी। उनके आगमन के प्रति कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। डॉ. अर्चना गुप्ता के स्वागत के लिए गुरु रविदास भवन, अनाज मंडी गेट, संत नामदेव भवन, क्लॉथ मार्केट, तलाकी गेट, गुरुद्वारा सिंह सभा नागोरी गेट, आर्य समाज मंदिर के समीप, महाराजा अग्रसेन चौक तथा बीकानेर चौक सहित विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह प्रातः 10 बजे महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित होगा। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहेंगे और नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम हिसार आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह है।

